1405(1247)
29/4/24

कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
(ACCREDITED A++ BY NAAC)

दिनांक 28.04.2024

प्रेस–विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में दिनांक 30.04.2024 से प्रारम्भ हो रही स्नातक व अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है:–

1. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश–पत्र देखकर समस्त पालियों में परीक्षा प्रारम्भ होने से 45 मिनट पूर्व द्वार संख्या 01, 03 (विवेकानन्द द्वार) एवं 07 से प्रवेश दिया जायेगा।
2. परीक्षा ड्यूटी हेतु आने वाले सम्मानित शिक्षक एवं कर्मचारी द्वार संख्या 01, 03 (विवेकानन्द द्वार) एवं 07 पर स्थित वाहन स्टैण्ड पर अपने वाहन रखने के बाद परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें ।
3. परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य–सामग्री, मोबाइल फोन, इलैक्ट्रॉनिक उपकरण या बैग आदि नहीं लायेंगे । निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार से बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी। यदि परीक्षा–कक्ष में कोई भी सामग्री का अनुचित साधन पाया गया, तो विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे। निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।
5. परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे भी परिसर के बाहर ही रहने का कष्ट करें ।
6. परीक्षा अवधि में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।
7. लोक सभा चुनाव की आचार संहिता लागू है अतएव चुनाव आचार संहिता का पालन अपेक्षित है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग करने का कष्ट करें ।

कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

संख्या : 1003-1017 दिनांक 28.04.2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. माननीय प्रति कुलपति महोदय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त संकायाध्यक्षों को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
3. मुख्य अभिरक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रावास, लखनऊ ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
5. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
6. समस्त पुस्तकालयाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ।
7. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
8. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
9. इंचार्ज लखनऊ विश्वविद्यालय वेबसाइड को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करने का कष्ट करें ।
10. निदेशक, समस्त संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

29/4/2024

Scanned with ACE Scanner